




## एक नजर में

### कई गांवो में 5 घंटे गुल रहेगी बिजली

**ब्यावरा 10 सितंबर, का.** 33 के.व्ही. सिलपटी फीडर के तहत आज नवीन पीटीआर एवं केपीसीटर का कार्य किया जाना है, जिसके चलते पांच घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी. विद्युत वितरण कंपनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी. फीडर के तहत ग्राम गिन्दौरहाट, सिलपटी, गोरधनपुरा, निवानिया, सेमली तलेनी, भाटपुरा, बरखेड़ा, जेपला, जेपली, धान्याखेड़ी, लुहारी सहित फीडर के अंतर्गत आने वाले गांवों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी.

### विज्ञान मेले में विजेताओं को किया सम्मानित



**तलेन 10 सितम्बर, सं.** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में जिला स्तरीय गणित विज्ञान मेला आयोजित किया गया. शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ. मंचासीन गौरीलाल यादव व्यवस्थापक, प्रतियोगिता संयोजक देवेन्द्र सिंह उमठ प्रधानाचार्य माचलपुर, प्रतियोगिता प्रभारी शिवराज सिंह चौहान प्राचार्य सुठालिया, संस्था प्राचार्य जुगल किशोर शर्मा रहे. अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ आचार्य प्रभुनाथ सिंह चंद्रावत, गोपाल सिंह यादव ने किया. प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले के विभिन्न विद्यालयो से प्रतियोगिता में प्रतिभागी रहे. जिसमें विज्ञान प्रदर्श, गणित प्रदर्श, विज्ञान प्रश्न मंच, विज्ञान प्रयोगात्मक, गणित प्रयोगात्मक, वैदिक गणित प्रश्न मंच, वैदिक गणित पत्र प्रस्तुति, विज्ञान पत्र वाचन आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई. समापन सत्र में प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र व शील्ड प्रदान की गई. आभार संस्था प्राचार्य शर्मा व संचालन धनसिंह यादव ने किया.

### नि:शुल्क ड्राइविंग लाइसेंस कैंप कल

**राजगढ़ 10 सितम्बर, का.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ में छात्राओं के लिए नि:शुल्क ड्राइविंग लाइसेंस कैंप का आयोजन महाविद्यालय के विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा यातायात पुलिस एवं आरटीओ के सहयोग से आयोजित किया जाएगा. कैंप का आयोजन कल 12 सितम्बर को दोपहर 12 बजे से महाविद्यालय परिसर में किया जाएगा. इस अवसर पर छात्राओं को ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया के बारे में मार्गदर्शन दिया जाएगा और नि:शुल्क लाइसेंस बनवाने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी. महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विपिन बिहारी खरे ने बताया कि यह पहल छात्राओं के आत्मनिर्भरता एवं सुरक्षित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. उन्होंने सभी छात्राओं से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस नि:शुल्क ड्राइविंग लाइसेंस कैंप में भाग लें और इस सुविधा का लाभ उठाएं. कैंप में आने वाली छात्रा अपने साथ आधार कार्ड और मोबाइल अवश्य लेकर आएं.

# हड़ताल से कंट्रोल दुकानों में लटके ताले

## सोसायटी सेल्समैन, सहायक प्रबंधक, ऑपरेटर हड़ताल पर

**हड़ताल के चलते उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा**




नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 10 सितंबर. सोसायटियों में कार्यरत सेल्समेन, सहायक समिति प्रबंधक, ऑपरेटरो के द्वारा अपनी प्रमुख मांगों को लेकर कामकाज बंद कर हड़ताल शुरु कर दी है जिससे शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में ताले लटक गये है. यदि हड़ताल लम्बी चलती है तो इससे उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है.**

जानकारी के अनुसार म.प्र. सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ की जिला इकाई द्वारा 8 से 25 सितंबर तक हड़ताल करना बताया जा रहा है. जिन मांगों को लेकर हड़ताल की जा रही है उनमें सहायक समिति प्रभारी के 60 प्रतिशत पद पदोन्नति करने, 2 अक्टूबर 2023 से प्रति विक्रेता 18 महीने का प्रति माह 3000 रुपये के हिसाब से 54000 रुपये मिलना थे जो मात्र 18 जिलों को मिला है. 34 जिलों को अभी भी यह राशि का भुगतान नहीं किया गया है जो कि तत्काल किया जाये. राज्य शासन ने कर्मचारियों को बढ़े हुए वेतन का आदेश दिया है. कुछ जिलों में इसका भुगतान हो गया है परंतु राजगढ़ जिले में आज दिनांक तक भुगतान नहीं किया गया है.

सभी कर्मचारियों को बड़े हुए वेतन का भुगतान तत्काल किया जावे तथा प्रत्येक उचित मूल्य की दुकान, वन समिति, स्व सहायता समूह एवं उपभोक्ता भंडार पर जो राशन भेजा जाता है उसमें घटती होती है तो उसकी भरपाई के लिए 2 किलो प्रति क्विंटल पर क्षतिपूर्ति राज्य शासन के द्वारा दी जावे.

### नपा कॉम्प्लेक्स में धरना

कर्मचारियों के द्वारा बुधवार से अपनी मांगों को लेकर ब्यावरा में पीपल चौराहा के यहां नपा कॉम्पलेक्स परिसर में धरना दिया जा रहा है. इस दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष विश्राम सिंह, जगदीश सक्सेना, मनीष शर्मा, जगदीश गोस्वामी, विजय सिंह, रूप सिंह सोलंकी, नन्नूलाल हरिओम, महेंद्र सिंह, ओमप्रकाश, नारायण यादव, इंदर सिंह, इंदर सिंह लोधी, दलपत सिंह तोमर सहित जिले भर से बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए.

### जिले में 622 दुकानें

जिले में 140 सोसायटियों के तहत 622 उचित मूल्य की दुकाने है, जिनमें हड़ताल के चलते ताले लटक गये है. और कामकाज बंद हो गया है. इनके सेल्समेन, सहायक समिति प्रबंधक, ऑपरेटर भी हड़ताल पर चले गये है. कुल मिलाकर जिले भर में एक हजार से अधिक कर्मचारी है अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जो कि हड़ताल पर चले गये है. यदि हड़ताल लम्बे समय तक चलती है तो उपभोक्ताओं को राशन सामग्री नहीं मिलने से परेशानी का सामना करना पड़ेगा. साथ ही खाद व अन्य कृषि सामग्री का भी वितरण समय पर नहीं होने से दिक्कते आ सकती है.



# व्यापारी के सूने मकान से चोरी

## बीती रात्रि को हुई घटना, नगदी, आभूषण चोरी

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 10 सितंबर. बीती रात्रि को खिलचीपुर में एक व्यापारी के सूने मकान से अज्ञात चोर द्वारा नगदी, आभूषण स्थित सहित हजारों रुपये कीमती सामान चोरी होने की घटना सामने आई है.**

खिलचीपुर नगर में चोरों ने एक बार फिर एक किराना व्यापारी के सूने मकान से नगदी और जेवरात चुरा लिए. कालाजी बड़ली में रामदेव मंदिर के समीप दुकान चलाने वाले बाबूलाल मालाकार के घर में चोरी की यह घटना हुई. वारदात हुई।

जानकारी के अनुसार व्यापारी श्री मालाकार मंगलवार रात 12.30 बजे तक दुकान पर थे. इसके बाद वह दुकान बंद कर बाजार स्थित अपने एक अन्य मकान पर सोने चले गये. इस बीच उनके कालाजी बड़ली वाले सूने मकान में चोरो ने धावा बोल दिया. चोर यहां से 70 हजार रुपये नगदी, आभूषण चोरी कर ले गये.

### पुलिस जुटी जांच में

जानकारी लगते ही मौके पर पुलिस पहुंची. पुलिस द्वारा जांच शुरु कर दी है. पुलिस द्वारा साक्ष्य जुटाने के साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है.

### छत के रास्ते से आए

जानकारी के अनुसार दुकान के पीछे मौजूद छत पर चढ़कर आये तथा मकान के भीतर जा घुसे. चोरो ने छत पर स्थित गेट को तोड़कर घर में प्रवेश किया. चोरों ने अलमारी और पेटी का सामान बिखेर दिया. इनमें रखे नगदी और आभूषण ले गये जिनमें 70 हजार रुपए नगद, 3 जोड़ी चांदी की पायल और 2 अंगूठी शामिल है.

घटना का पता बुधवार को प्रातः करीब 9 बजे चला जब व्यापारी मकान पर पहुंचे तो घर का सामान बिखरा मिला. अलमारी और गुल्लक से सामान गायब मिला. इसकी सूचना पुलिस को दी.



# विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर हुई कार्यशाला

**मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया**

**राजगढ़ 10 सितम्बर, सं.** बुधवार 10 सितंबर विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय राजगढ़ में एक कार्यशाला का आयोजन रखा गया.

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शोभा पटेल ने इस दौरान मौजूद नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं और आमजन को आत्महत्या की रोकथाम के लिए किए जा सकने वाले प्रयासों पर चर्चा की और लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया. उन्होंने कहा कि आत्महत्या की रोकथाम के लिए एक सामूहिक प्रयास का होना जरूरी है, कई बार व्यक्ति में डिप्रेशन के लक्षण आत्महत्या के प्रयासों के कारण बनते हैं. किसी भी व्यक्ति में उदासी और निराशा लंबे समय तक रहे और किसी भी काम में मन न लगे तो वह अवसाद ग्रस्त हो सकता है. आजकल तो बहुत कम आयु वर्ग के बच्चों में डिप्रेशन, बाइपोलर डिसऑर्डर, और अन्य मानसिक बीमारियां पनप रहीं है. इससे छुटकारा पाने के लिए मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों से परामर्श लें और उनके बताए गए उपायों का पालन करें. मानसिक तनाव के कारणों में जैसे जिन कामों में पहले रुचि थी, उनमें अब कोई रुचि न होना, तनावपूर्ण जीवन, जीवन से जुड़ी घटनाएं, नौकरी खोना, संबंध टूटना, या किसी प्रियजन की मृत्यु, आदि हैं. इनसे उभरने के लिए परिवार और दोस्तों का सहयोग व्यक्ति को मानसिक रूप से मजबूत करता है. ऐसे व्यक्ति के साथ समय बिताएं और उसे भावनात्मक सहारा दें. समाज में मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या रोकने के प्रति जागरूकता बढ़ाएं और अपनी सोच को सकारात्मक बनाएं और जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करें. ऐसा करने पर किसी भी व्यक्ति को आत्महत्या से रोका जा सकता है. कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ कार्यक्रम से जुड़े लोगों ने भी अपने अपने विचार रखे. इस अवसर पर डॉ सुधीर कलावत, मनकक्ष प्रभारी डॉ अमित कोहली, तनु शिखा, राहुल राजपूत, सावित्री वर्मा, रश्मि तोमर, माया और हिना सहित नर्सिंग स्टॉफ मौजूद था.

# वाहन की टक्कर से भाई-बहन घायल

नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 10 सितम्बर.** बुधवार की दोपहर छापीहेड़ा-खिलचीपुर मार्ग पर गुनाखेड़ी जोड़ के पास मोटरसाइकिल से खिलचीपुर जा रहे भाई बहिन को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें वह घायल हो गये.

प्राप्त जानकारी के अनुसार छापीहेड़ा सेंदरा निवासी दीपक दांगी ने दोनों घायलों को अपने वाहन से प्रा.स्वास्थ्य केंद्र छापीहेड़ा लाये. जहां उनकी प्राथमिक चिकित्सा कर राजगढ़ रेफर किया गया. दोनों घायल धापू बाई पिता दुर्गाप्रसाद तंवर 17 वर्ष तथा नीरज पिता मांगीलाल तंवर 17 वर्ष जो खिलचीपुर आधारकार्ड अपडेट कराने जा रहे थे. दोनों घायल मामा भुवा के होकर सहोदर भाई बहिन थे.



### दस हजार की आर्थिक सहायता

**राजगढ़ 10 सितम्बर, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा आवेदक पप्पू लोहार को रेडक्रॉस से दस हजार की आर्थिक सहायता प्रदाय की गई. ब्यावरा निवासी पप्पू लोहार ने बताया कि आवेदक की पत्नी की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो गई है. आवेदक के पांच बच्चे हैं. आवेदन बहुत गरीब है. आवेदक को बच्चों का पालन पोषण करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

# नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को किया स्कूल बैग का वितरण



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 10 सितम्बर.** कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत जिला उपहार योजना द्वारा नव प्रवेशित कक्षा पहली के छात्र-छात्राओं को कॉपी, पेन एवं स्कूल बैग वितरण किए गए.

एकीकृत शा.माध्य. विद्या. सूरजपुरा, शास. प्राथ. विद्या. गुराड़ा, शास.प्राथ. विद्या. नबापुरा, शास.प्रा. विद्या.अभापुरा में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी राजेश बागड़ी, अंकित राठोर, जगदीश पालीवाल द्वारा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को कॉपी, पेन, स्कूल बैग वितरण किए गए. उपस्थित शिक्षकगण चेतना शर्मा, कमलेश कारपेंटर, नारायण सिंह लववंशी, दिनेश जोनवाल, लाखन सिंह पंवार, कैलाश मेरोठा, शरीफ खान, राधेश्याम दांगी, बालमुकुंद वर्मा, भगवान सिंह, कंचन शाह, मांगीलाल मालवीय शिक्षक अपनी-अपनी संस्था में उपस्थित रहकर बच्चों को वितरण करवायें गयें.

# लायंस क्लब ब्यावरा की पहल से हुआ नेत्रदान

## तलेन निवासी नारायण दास भट्टर का देवलोकगमन



नवभारत न्यूज

**तलेन/ब्यावरा 10 सितंबर. तलेन निवासी माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ नारायण दास मोहनदास भट्टर के देवलोकगमन पश्चात लायंस क्लब ब्यावरा की पहल पर परिजनों द्वारा उनका नेत्रदान करने का निर्णय लिया गया.**

जानकारी के अनुसार तलेन निवासी नारायण दास भट्टर के निधन उपरांत लायंस क्लब ब्यावरा के अध्यक्ष चिराग मोदानी द्वारा नेत्रदान हेतु पहल की गई. सचिव लायन राहुल डागा के सहयोग से परिजनों द्वारा नेत्रदान का निर्णय लिया गया.

नेत्रदान की प्रक्रिया को भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल की टीम द्वारा पूर्ण किया गया. इसमें नव ज्योति नेत्रदान समिति जीरापुर का विशेष सहयोग रहा. लायंस क्लब ब्यावरा के द्वारा नेत्रदान हेतु की गई यह दूसरी पहल है.



# उप मुख्यमंत्री से मिले राज्य मंत्री टेटवाल

**सारंगपुर 10 सितम्बर, सं.** राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने बुधवार को भोपाल में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवडा से उनके निवास पर सौजन्य भेंट कर विभिन्न विषयों पर सारगर्भित चर्चा हुई.

# प्राथमिक संविदा शिक्षकों के नियुक्ति आदेश जारी

नवभारत न्यूज

**राजगढ़, 10 सितम्बर, का.** उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर में दायर याचिकाओं एवं स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश में व्यापम 2008 परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की जिला स्तरीय छानबीन समिति द्वारा पात्रता की जांच की गई. जांच उपरांत संविदा शाला शिक्षक श्रेणी-3 के पदो पर नियुक्ति आदेश जारी कर दिए गये.

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संविदा शाला शिक्षक श्रेणी-3 के पदों पर नियुक्ति आदेश जारी किए गये है. जांच में योग्य पाए गए कुल 29 अभ्यर्थियों को जिले के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में संविदा शाला शिक्षक श्रेणी-3 के रूप में नियुक्त किया गया है.



# सम्मान समारोह आयोजित



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 10 सितम्बर. प्रेस क्लब द्वारा आयोजित तीसरे वर्ष भी नगर के शिक्षक, सेवानिवृत्त एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यो का भावभीना सम्मान समारोह आयोजित किया गया. जिसमें लगभग एक सौ इक्कतीस शिक्षक शिक्षिकाऐ सेवानिवृत्त शिक्षक गणों को रूमाल, उपरना, पानी पीने की बाटल, प्लास्टिक गमला भेंट स्वरूप प्रदान कर प्रेस क्लब सदस्यों ने आशीर्वाद प्राप्त किया.**

गौरतलब है कि यह आयोजन नगर में विशेष चर्चा में रहा कि प्रेस क्लब का यह अनुकरणीय कार्य है, जिसमें पर्यावरण का ध्यान रखते हुए गमला भेंट किया जिसमें प्रेस क्लब ने अपेक्षा की थी कि इसमें सुंदर पौधे लगाए जाए जिससे शुद्ध हवा एवं पुष्प की सुगंध मिलतीं रहे. समारोह में मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी एवं आमंत्रित गणमान्य उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य विनोद चौधरी, सांदीपनि स्कूल कैलाश शर्मा, प्रधानाध्यापक योगेश गुप्ता, अशासकीय संस्थाओं में महर्षि स्कूल प्राचार्य दिनेश गुर्जर, एसके कान्वेंट भगवान दांगी, भव्य एकेडमी विष्णु सिंह मण्डलोई, मां सरस्वती एकेडमी सुरेश सुमन, अंचल कान्वेंट स्कूल कमलेश वर्मा, भाजपा जिला सह कोषाध्यक्ष बालचंद दांगी सेदरा, स्काउट शिक्षक चुन्नीलाल कुशवाहा, मांगीलाल अहिरवार, बापूलाल मेवाड़े, श्रीकृष्ण टेलर, रमेश चंद्र हिंडोनिया सहित समस्त अतिथियों को सम्मानित किया गया.

**सौपान** ‘नवभारत’ की वैचारिक परंपरा का 26वें वर्ष में होगा प्रवेश

# 13 सितंबर : दोपहर में विचार मंथन और रात्रि को काव्यनिशा

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 09 सितम्बर. ‘नवभारत’ का प्रतिवर्ष होने वाला वैचारिक आयोजन पितृपुरूष स्व. श्री रामगोपाल जी माहेश्वरी की पुण्यतिथि परंपरागत रूप से 13 सितंबर को होगा. इस दिन दोपहर 3 बजे ‘विचार मंथन’ और इसी मंच पर रात्रि 8 बजे काव्य निशा होगी. ‘नवभारत’ का यह सतत् 26 वां सौपान है.**

इस वर्ष विचार मंथन का विषय- ‘प्रकृति विरूद्ध विकास की होड़ और दुनिया पर गहराते संकट के बादल’ रखा गया है. इस गंभीर व समसामयिक विषय पर व्याख्यान देने वाले वक्ता अद्वितीय है. खास बात यह है कि आमंत्रित वक्ताओं का प्रकृति, पर्यावरण के प्रति न केवल समर्पण, अनुभव, अध्ययन है बल्कि उनका इस विषय पर संघर्षशील व्यक्तित्व रहा है.



विषय पर व्याख्यान देने आ रहे वक्ताओं ने प्रकृति और पर्यावरण के लिये अपना सब कुछ दांव पर लगाया है. सभी वक्ताओं ने देश और दुनिया में अपने-अपने स्तर पर जीवन बचाने के गंभीर प्रयास किये है. समाज इन प्रयासों में उन्होंने समाज, सरकार और सिस्टम से मुकाबला किया है.

### बाबू जी की पुण्यतिथि पर होगी काव्यनिशा

बाबूजी की पुण्यतिथि पर हमेशा की तरह रात्रि को ‘काव्य निशा’ का आयोजन होगा. जिसमें कवि सम्मेलन की फूहड़ता से दूर उत्कृष्ट काव्य रसपान करने का अवसर श्रोताओं को मिलेगा. शनिवार की रात्रि 08 बजे से काव्यनिशा शुरू होगी. जिसमें पद्मश्री बाबूलाल दाहिया पिथौराबाद (सतना), गीतकार संदीप द्विवेदी कवि भोपाल, हास्य-व्यंग्यकार गिरजेश वैष्णव, रामगंजमंडी राजस्थान, ओजस्वी गीतकार नरेन्द्र अटल -महेश्वर (मप्र), प्रियंका मिश्रा कवियत्री, श्रृंगारिक गीतकार विजयराघौगढ़ कटनी, युवा गीतकार सचिन ‘सावन’ शाजापुर, गजलकार अकबर ताज खण्डवा, कवियत्री ऋृचा गौड़ इंदौर शामिल है. जबकि काव्य निशा के सूत्रधार और मंच संचालक पिड़ावा राजस्थान के वरिष्ठ कवि श्री अनिल जैन ‘उपहार’ होंगे. कार्यक्रम का स्थान विगत वर्षानुसार बैकुंठ मार्ग स्थित श्री संपत मोदानी के मैरिज गार्डन वल्लभा परिसर होगा.